Synthetic milk

4916. SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA:

SHRI ANANT RAM JAISWAL;

Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether attention of Government has been drawn to the news report under the heading "Synthetic milk dangerous for health, warn experts" which appeared in Indian Express dated 3rd April, 1995; and

(b) if so, what is the reaction of Government thereto and what steps would be taken by Govenment to prevent/save public from dangerous health consequences?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ARVIND NETAM): (a) Yes Sir.

(b) The sale of milk *ox* milk products containing a substance not found in milk is already prohibited under the provisions of Prevention of Food Adulteration Rules, 1955. The food (Health) Authorities of States/Union Territories have been requested to keep a strict vigil on quality of milk.

सिंदरी और बरौनी में उर्वरक संयंत्रों की उत्पाद क्षमता

4917. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या रसायन एवं उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सिंदरी और बरौनी में स्थित उर्वरक संयंत्रों की वर्तमान उत्पादन क्षमता क्या है ;

(ख) क्या यह सच है कि दोनों संयंत्रों की उत्पादन क्षमता का पूरा उपयोग नहीं किया जा रहा है क्योंकि वे पुराने हो गये हैं ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार इन संयंत्रों का आधुनिकीकरण के लिये कोई ठोस कदम उठाना चाहती है ; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुवर्डो फेलेरियो) : (क) और (ख) फर्टिलाइजर कार्पोरेशन आफ इंडिया लि० (एफ सी आई) के सिन्दरी एकक और हिन्दुस्तान फर्टिलाइजर कार्पोरेशन लि० (एच एफ सी) के बरौनी एकक की वर्तमान स्थापित क्षमता नाइट्रोजन के रूप में 222.15 हजार टन तथा 151.8 हजार टन प्रति वर्ष है । एफ सी आई के सिन्दरी एकक तथा एच एफ सी के बरौनी एकक में निम्न क्षमता उपयोगिता के मुख्य कारण प्रौद्योगिकी कमियां, सिस्टम डिजाइनों में अपर्याप्तता, संयंत्रों के पुरानेपन के कारण उपस्कर की बारम्बार खराबी तथा वित्त सम्बन्धी बाधाओं के कारण निवेश की अधिप्राप्ति प्रभावित हुई तथा सामयिक नवीकरण और प्रतिस्थापन नहीं हो सके ।

(ग) और (घ) एफ सी आई और एच० एफ०सी० दोनों को औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्गठन बोर्ड (बी आई एफ आर) द्वारा रुग्ण औद्योगिक कम्पनियां (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1985 के अंतर्गत रुग्ण कम्पनियां घोषित किया गया है । एफ सी आई के सिन्दरी एकक तथा एच एफ सी के बरौनी एकक, के पुनरुत्थान/पुनरुद्धार/आधुनिकीकरण बी आई एफ आर, जो एक न्यायिक कल्प है, के समक्ष प्रस्तावित कार्रवाईयों के परिणाम पर निर्भर करेगा ।

Use of Hindi for Administation work

4918. SHRI IQBAL SINGH: Will the Minister of CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether his Ministry has chalked out any plan to promote the use of Hindi language in its administration and ether wings;

(b) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor; and

(c) what are the various schemes formulated and being implemented by Government in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS & FERTILIZERS (SHRI EDUARDO FALEIRO): (a) to (c) An Annual Programme is formulated by the Department of Official Language laying down annual targets for work to be done in Hindi by offices of the Central Government. This programme is implemented, to the extent possible, in the Ministry of Chemicals & Fertilizers, its attached subordinate offices and the undertakings within its /administrative control.

उर्वरकों के आयात के लिये विदेशी मुद्रा का आवंटन

4919. श्री गोपाल सिंह जी. सोलंकी : क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान उर्वरकों के आयात के लिये कितनी विदेशी मुद्रा आवंटित की गई है ;

(ख) गुजरात में उर्वरकों की जिला-वार मांग कितनी है और सरकार ने उसे पूरा करने के लिये क्या कदम उठाए हैं ;

(ग) उक्त राशि में से दिसम्बर, 1994 के अंत तक कितनी विदेशी मुद्रा खर्च की गई थी ; और

(घ) अब तक आयात किये गये उर्वरकों की मात्रा कितनी है ?

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फलेरियो) (क) से (घ) चालू खाते में रुपये की पूर्ण परिवर्तनीयता से उर्वरकों के आयात के लिए विदेशी मुद्रा आवंटन की कोई आवश्यकता नहीं है ।

आवश्यक वस्तु अधिनियम (ईसीए) 1955 के अंतर्गत नियंत्रित उर्वरकों के आवंटन के प्रयोजन के लिए मांग का अनुमान राज्यवार लगाया जाता है । इस समय, मात्र यूरिया वितरण, संचलन और मूल्य नियंत्रण अधीन है । 1994-95 रबी मौसम के दौरान, गुजरात राज्य के लिए यूरिया का ईसीए आवंटन 5.37 लाख टन था, जिसके समक्ष राज्य में अनुमानित समेकित उपलब्धता 5.61 लाख टन थी । चालू खरीफ मौसम के लिए गुजरात के लिए ईसीए आवंटन 5.28 लाख टन है । इस आवश्यकता को उपलब्ध क्षेत्रीय भण्डारों, स्वदेशी उत्पादन और आयातों से पूरा करने के लिए आवश्यक उपाय किए गए हैं । राज्य के अंदर यूरिया का एक समान वितरण राज्य सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जाता है ।

अनियंत्रित उर्वरकों की मांग और आपूर्ति बाजार शक्तियों द्वारा शासित होती है । देश में इन उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त है ।

उपलब्ध सूचना के अनुसार, 1994-95 के दौरान निम्नलिखित मात्रा में प्रमुख उर्वरकों का आयात किया गया :-

	(लाख टन)
यूरिया . .	28.84
डाई अमोनियम फास्फेट (अनुमानित)	8.25
म्यूरिएट आफ पोटाश (अनुमानित) .	18.48

Reduction of Manpower due to New Drug Policy

4920. SHRI V. RAJAN CHELLA-PPA. Will the Minister of CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(p.) whether the New drug policy will reduce the manpower in the pharmaceutical industries;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether the rise in prices of drugs is the effect of the new policy; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS & FERTILIZERS (SHRI EDUARDO FALEIRO): (a) No, Sir. On the